रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 465] नई दिल्ली, शुक्रवार, अगस्त 16, 2019/श्रावण 25, 1941
No. 465] NEW DELHI, FRIDAY, AUGUST 16, 2019/SHRAVANA 25, 1941

India Code

रेल मंत्रालय

(रेलवे बोर्ड)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 16 अगस्त, 2019.

सा.का.नि. 575(अ).—केन्द्र सरकार, रेल दावा अधिकरण अधिनियम, 1987 (1987 का 54) की धारा 30 के उपखंड (2) के खंड (ग), (ङ), (च) और (छ) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, रेल दावा अधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 1989 में आगे और संशोधन करने के लिए एतद्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात:-

1. **संक्षिप्त नाम एवं प्रारंभ:-** (1) इन नियमों को रेल दावा अधिकरण (प्रक्रिया) संशोधन नियम, 2019 कहा जाएगा।

(2) ये सरकारी राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. रेल दावा अधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 1989 में (इसमें इसके उक्त नियम कहा जाएगा) उप-नियम(2) के लिए नियम 5 में निम्नलिखित नियम प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात:-

"(2). उप-नियम(1) में निर्दिष्ट आवेदन पंजीकृत डाक से अथवा इलेक्ट्रॉनिक मेल से संबंधित पीठ के रजिस्ट्रार, अपर रजिस्ट्रार अथवा सहायक रजिस्ट्रार, जैसा भी मामला हो, के कार्यालय में भी भेजी जाए।"

3. उक्त नियमों में, नियम 5 में, उप-नियम(2क) के लिए, निम्नलिखित उप-नियम प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात:-

"(2क) उप-नियम (2) के तहत डाक या इलेक्ट्रॉनिक मेल से भेजा गया आवेदन उस दिन प्राप्त हुआ माना जाएगा जब आवेदन रजिस्ट्रार, अपर रजिस्ट्रार अथवा सहायक रजिस्ट्रार जैसा भी मामला हो, को प्राप्त हो।"

4. उक्त नियमों में, नियम 5 में, उप-नियम (3) के बाद, निम्नलिखित उप-नियम शामिल किया जाए, अर्थात:-

"(3क) आवेदक द्वारा ईमेल द्वारा भेजा गया आवेदन, आवेदक द्वारा दिए गए मूल प्रमाणपत्रों अथवा संलग्नकों की विधिवत प्रमाणित मूल प्रतियों के साथ आवेदन की हार्ड प्रतियां रजिस्टर्ड डाक द्वारा रजिस्ट्रार, अपर रजिस्ट्रार अथवा सहायक रजिस्ट्रार को भी उपलब्ध कराई जाए ।"

[फा. सं. 2018/टीसी(आरसीटी)/1-2]

विवेक श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक (लोक शिकायत)

नोट : मूल नियम अधिसूचना सं. सा.का.नि. 842 (अ.) तारीख 19 सितम्बर 1989 के द्वारा भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उप-खंड (i) में प्रकाशित किए गए थे तथा तत्पश्चात निम्नानुसार संशोधित किए गए :—

(1) सा.नि.का. 700(अ), तारीख 26 नवम्बर, 1991;
(2) सा.नि.का. 438(अ), तारीख 28 अप्रैल, 1992;
(3) सा.का.नि. 509(अ), तारीख 15 जून, 1994;
(4) सा.का.नि. 270(अ), तारीख 8 जुलाई, 1996;
(5) सा.का.नि. 59(अ), तारीख 6 फरवरी, 1997;
(6) सा.का.नि. 719(अ), तारीख 26 अक्तूबर, 1999;
(7) सा.का.नि. 167(अ), तारीख 29 फरवरी, 2000;
(8) सा.का.नि. 513(अ), तारीख 9 जुलाई, 2001;
(9) सा.का.नि. 787(अ), तारीख 2 दिसम्बर, 2002;
(10) सा.का.नि. 384(अ), तारीख 1 नवम्बर, 2003;
(11) सा.का.नि. 66(अ), तारीख 16 फरवरी, 2006;
(12) सा.का.नि. 498(अ), तारीख 23 अगस्त, 2006;
(13) सा.का.नि. 283(अ), तारीख 11 अप्रैल, 2007;
(14) सा.का.नि. 96(अ), तारीख 22 फरवरी, 2010;
(15) सा.का.नि. 711(अ), तारीख 17 सितम्बर, 2015;
(16) सा.का.नि. 464(अ), तारीख 28 अप्रैल, 2016;
(17) सा.का.नि. 332(अ), तारीख 5 अप्रैल, 2017;
(18) सा.का.नि.1060(अ), तारीख 23 अगस्त, 2017;
(19) सा.का.नि. 816(अ), तारीख 28 अगस्त, 2018;
(20) सा.का.नि.1136(अ), तारीख 26 नवम्बर, 2018; और
(21) सा.का.नि. 546(अ), तारीख 01 अगस्त, 2019.

IndiaCode

MINISTRY OF RAILWAYS
(RAILWAY BOARD)
NOTIFICATION

New Delhi, the 16th August, 2019

G.S.R. 575(E).—In exercise of the powers conferred by clauses (c), (e), (f) and (g) of sub-section (2) of section 30 of the Railway Claims Tribunal Act, 1987 (54 of 1987), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Railway Claims Tribunal (Procedure) Rules, 1989, namely :-

1. **Short title and commencement.—**(1) These rules may be called the Railway Claims Tribunal (Procedure) Amendment Rules, 2019.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Railway Claims Tribunal (Procedure) Rules, 1989 (hereinafter referred to as said rules) in rule 5 for sub-rule(2) the following sub-rule shall be substituted, namely:-

"(2) An application referred to sub-rule (1) may also be sent by registered post or electronic mail to the office of the Registrar or the Additional Registrar or the Assistant Registrar, as the case may be, of the Bench concerned".

3. In the said rules, in rule 5, for sub-rule(2A) the following sub-rule shall be substituted, namely:-

"(2A) An application sent by post or electronic mail under sub-rule (2) shall be deemed to have been received on the day when the application is received by the Registrar, Additional Registrar or the Assistant Registrar, as the case may be".

4. In the said rules, in rule 5, after sub-rule (3) the following sub-rule shall be inserted, namely:-

"(3A) The application sent by email by the applicant shall also make available hardcopies of the application along with originals or duly certified true copies of originals of enclosures relied by the applicant by registered post to the Registrar, Additional Registrar or the Assistant Registrar".

[F. No. 2018/TC(RCT)/1-2]

VIVEK SRIVASTAVA, Executive Director (Public Grievances)

Note : The principal rules were published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (i), *vide* notification number G.S.R. 842(E), dated the 19th September, 1989 and subsequently amended as follows:—

1. G.S.R 700 (E), dated the 26th November, 1991;
2. G.S.R. 438 (E), dated the 28th April, 1992;
3. G.S.R. 509 (E), dated the 15th June, 1994;
4. G.S.R. 270 (E), dated the 8th July, 1996;
5. G.S.R. 59 (E), dated the 6th February, 1997;
6. G.S.R. 719 (E), dated the 26th October, 1999;
7. G.S.R. 167 (E), dated the 29th February, 2000;
8. G.S.R. 513 (E), dated the 9th July, 2001;
9. G.S.R. 787 (E), dated the 2nd December, 2002;
10. G.S.R. 384 (E), dated the 1st November, 2003;
11. G.S.R. 66 (E), dated the 16th February, 2006;
12. G.S.R. 498(E), dated the 23rd August, 2006;
13. G.S.R.283(E), dated the 11th April, 2007;
14. G.S.R.96(E), dated the 22nd February, 2010;
15. G.S.R.711(E), dated the 17th September, 2015;
16. G.S.R.464(E), dated the 28th April, 2016;
17. G.S.R.332(E), dated the 5th April, 2017;
18. G.S.R.1060(E), dated the 23rd August, 2017;
19. G.S.R.816(E), dated the 28th August, 2018;
20. G.S.R.1136(E), dated the 26th November, 2018 and
21. G.S.R. 546(E), dated the 1st August, 2019.

IndiaCode

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

ALOK KUMAR Digitally signed by ALOK KUMAR Date: 2019.08.17 11:35:09 +05'30'